## सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 10.05.2025**

# 02 अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 इन्वर्टर, 02 बैट्री, 01 प्लास, 01 सरिया का टुकड़ा, 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट) तथा 02 अवैध छुरे किये गये बरामद ।

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सैफई के कुशल नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही**

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 09/10.05.2025 की रात्रि को थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत रकुइया नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि 02 लड़के बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल से टिमरुआ की ओर से आ रहे है । जिनके पास इन्वर्टर और बैट्री है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा **02 अभियुक्तो को आवश्यक बल प्रयोग कर ग्राम मोहटी के पास से समय 12.04 बजे रात्रि** में मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया ।

**पुलिस पूछताछ:-**

पकडे गये अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 बैट्री, 01 इन्वर्टर, 01 प्लास, 01 लोहे की सरिया का टुकड़ा, 02 अवैध छुरे बरामद किया गया । पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.05.2025 की रात्रि को ग्राम रसूलपुर थाना सकरावा जनपद कन्नौज में निर्माणधीन सरकारी पानी की टंकी के पम्प हाउस के गेट का ताला तोड़कर इन्वर्टर और बैट्री को चोरी किया था । जिसके संबंध में थाना सकरावा पर मु0अ0सं0 53/2025 धारा 331(4)/305(E) बीएनएस पंजीकृत है ।

**बरामद मोटर साइकिल को एमवीएक्ट की धारा 207 में सीज किया गया है ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुनील पुत्र महेश निवासी चपुन्ना थाना सकरावा जनपद कन्नौज **उम्र करीब 30 वर्ष** ।
2. सोनू उर्फ रोहित पुत्र श्याम सिंह निवासी रामरघुनाथपुर थाना ऐरवाकटरा जनपद औरैया **उम्र करीब 26 वर्ष** ।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 91/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा ।

**आपराधिक इतिहास:-**

1. मु0अ0सं0 53/2025 धारा 331(4)/305(E) थाना सकरावा जनपद कन्नौज ।
2. मु0अ0सं0 91/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा ।

**बरामदगी:-**

1. 01 इन्वर्टर
2. 02 बैट्री
3. 02 अवैध छुरा
4. 01 प्लास
5. 01 लोहे का टुकड़ा
6. 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)

**पुलिस टीम-** निरी0 श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई, उ0नि0 शकील अहमद, का0 संदीप कुमार, का0 गौरव कुमार, का0 अन्जनी कुमार, हे0का0 चालक महेश कुन्तल ।